आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा– महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाकर प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने भराड़ीसैंण स्थित अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय "छात्र संसद" का वचुर्अली शुभारंभ किया।
- हरिद्वार में अवैध मदरसों पर कार्रवाई जारी, 12 से अधिक अवैध मदरसे सील।
- अल्मोड़ा के विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि विज्ञान मेले का आयोजन, किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी गई।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाकर प्रगति और विकास की राह में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं। आज हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून के सातवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। पदक पाने वालों में अधिकांश संख्या बालिकाओं की होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है, जो समाज में नारी सशक्तीकरण का एक बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल ने अनुरोध किया कि आधुनिकतम तकनीकों को अपनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। इससे न केवल रोगियों का इलाज सुगम होगा, बल्कि आपके ज्ञान और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि तकनीकी ज्ञान के अपने विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योग्यता हासिल कर उपाधि प्राप्त कर रहे छात्र–छात्राएं देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में अपना तथा प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।

छात्र संसद भराड़ीसैंण

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने भराड़ीसैंण स्थित अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय "छात्र संसद–2025" का आज वचुर्अली शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्र संसद जैसे कार्यक्रम भविष्य के नेताओं को तैयार करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध लोक कला, संस्कृति और पारंपरिक कृषि हमारे अस्तित्व की पहचान हैं और इनका संरक्षण युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र संसद में कुछ न कुछ सीखने का छात्रों से आह्वान किया। इस अवसर पर श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति एन.के जोशी ने कहा कि "छात्र संसद" जैसे आयोजन, छात्रों में नेतृत्व कौशल, तर्कशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। छात्र संसद में चमोली ज़िले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्तराखंड की समृद्ध लोककला, संस्कृति और पारंपरिक कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

चारधाम यात्रा मॉक ड्रिल

चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं से प्रभावी तरीके से निपटने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी 24 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण और उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान संबंधित विभागों की तैयारियों को परखा जाएगा।

अवैध मदरसे

हरिद्वार में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। अब तक 12 से अधिक अवैध मदरसे सील किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन ने हरिद्वार, रुड़की, लक्सर और भगवानपुर तहसीलों में व्यापक जांच अभियान चलाया है। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया की हरिद्वार में एक माह पहले से मदरसों की जांच की जा रही थी, जो बिना पंजीकरण के अवैध रूप से मदरसे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में लगभग 60 मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिन्हें चिन्हित करके लगातार कार्रवाई जारी है। वहीं, तहसीलदार प्रियंका रानी ने कहा कि सभी मदरसों का पंजीकरण अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है कि सभी मदरसे सरकारी रिकॉर्ड में शामिल हो सकें और उनमें पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा–दीक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता बनी रहे।

कृषि विज्ञान मेला

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हवालबाग, अल्मोड़ा में 50वां कृषि विज्ञान मेला आयोजित किया गया। मेले में प्रदेश के विभिन्न पर्वतीय जिलों से आए किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों, जैविक खेती और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। वहीं, संस्थान के कृषि के प्रायोगिक परिक्षेत्र में लगाए गए कृषि यंत्रों और जैविक उत्पादों के स्टॉल पर किसानों ने नई कृषि तकनीकों की जानकारी ली। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने संस्थान द्वारा उन्नत बीज और विकसित कृषि प्रजातियों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान द्वारा विकसित उन्नत कृषि प्रजातियों का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। कृषि विज्ञान मेले में बागेश्वर जिले के गरुड़ से आए प्रगतिशील किसान चंद्र शेखर पांडेय ने बताया कि वे कृषि, बागवानी, पशुपालन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और अपने समूह से जुड़े 15 लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं।

स्वरोजगार प्रशिक्षण

पौड़ी जिले के पैडुलस्यूं में ग्रीन इंडिया मिशन के तहत स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। वन विभाग भाग की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण में ग्रामीणों को मौन पालन, मछली पालन, सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी ने बताया कि केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत ग्रामीणों को कई तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि इन योजनाओं के माध्यम से लाभार्थी आत्मनिर्भर बन सकें।

शिविर में प्रशिक्षण लेने वाली ऊषा नौडियाल ने बताया कि उन्होंने मधुमक्खी पालन, मछली पालन, डेरी व मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया है, जिसे वे स्वरोजगार के रूप में आगे बढ़ाने का काम करेंगी।